आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.12.2024
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर में 84 करोड़ 80 लाख रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं को शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- विकसित भारत–2047 की तर्ज पर विकसित उत्तराखंड–2047 के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।
- आयुष नीति के तहत प्रदेश में 1 हजार 200 करोड़ रुपये का निवेश।
- केंद्र सरकार ने ''ई–एनडब्ल्यूआर आधारित प्रतिज्ञा वित्तपोषण के लिए ऋण गारंटी योजना'' शुरू की है।

कांडा महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर में 84 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कांडा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध है। कांडा महोत्सव को राज्य की अमूल्य धरोहर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव ने राज्य की समृद्ध परम्पराओं को संरक्षित करने तथा उन्हें भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में अद्वितीय योगदान देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। ये महोत्सव राज्य के छोटे व्यापारियों, कारीगरों और काश्तकारों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन व विक्रय के लिए मंच प्रदान करता है। श्री धामी ने कहा कि एक जिला दो उत्पाद योजना के माध्यम से सरकार ने स्थानीय उत्पादों को देश–दुनिया में पहचान दिलाने का काम किया है।

उत्तराखण्ड विजन

विकसित भारत–2047 की तर्ज पर विकसित उत्तराखंड–2047 के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस संबंध में बैठक लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नई परिस्थितियों के अनुसार विकसित उत्तराखंड–2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा बन रही सरकारी नीतियों की समीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी विभागों को राज्य में सर्वोत्तम संभावनाओं वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उन्हें ग्रोथ इंजन के रूप में चिन्हित करने तथा समयबद्ध तरीके से विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड में पर्वतीय कृषि विशेषकर जैविक कृषि, जड़ी–बूटी, आयुष, नवीकरणीय ऊर्जा, वन संपदा, पर्यटन व आईटी और एमएसएमई को उत्तराखंड विजन 2030 के तहत ग्रोथ ड्राइवर के रूप में पहले ही चिन्हित किया जा चुका है।

इसके साथ ही सशक्त उत्तराखंड पहल के तहत राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दोगुना करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की पर्यावरणीय विरासत को संरक्षित करते हुए समावेशी विकास व रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

अमृत सरोवरों

उत्तरकाशी जिले में अमृत सरोवरों को स्वरोजगार और पर्यटन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी एस.एल. सेमवाल ने नचिकेता ताल को अमृत सरोवरों से जोड़ते हुए पर्यटन जैसी गतिविधियों का विस्तार और अमृत सरोवर के अंन्तर्गत ताल को आधुनिकता की दिशा में क्रियान्वित करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार की अपार सम्भावनाओं को उपलब्धियों में परिवर्तित करने पर जोर दिया जा रहा है।

आयुष नीति–2023

उत्तराखंड सरकार की आयुष नीति–2023 के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अब तक राज्य में आयुष के क्षेत्र में 1 हजार 200 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। यह जानकारी देते हुए आयुष विभाग के अपर सचिव डॉ. विजय जोगदंडे ने बताया कि आयुष नीति में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने, निवेश को प्रोत्साहित करने समेत तमाम पहलुओं पर आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। डॉ. जोगदंडे ने बताया कि सरकार अब दक्षिण भारतीय राज्यों की आयुर्वेद दवा कंपनियों को उत्तराखंड में निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

ऋण गारंटी योजना

केंद्र सरकार ने ''ई–एनडब्ल्यूआर आधारित प्रतिज्ञा वित्तपोषण के लिए ऋण गारंटी योजना'' शुरू की है। इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को भण्डारण विकास और विनियमन प्राधिकरण के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। इस रसीद का उपयोग बैंकों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं से कम ब्याज दर वाले ऋण प्राप्त करने के लिए डिफ़ॉल्ट के खिलाफ गारंटी के रूप में किया जा सकता है।

ठंड

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में ठिठुरन बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 से 3 दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने कहा कि प्रदेश भर में फिलहाल बारिश और बर्फबारी कि कोई संभावना नहीं है।

योग महोत्सव

ऋषिकेश में आयोजित तीन दिवसीय ऋषिकेश योग महोत्सव का समापन हो गया है। योग महोत्सव में देश–विदेश से आए योग साधकों और योगाचार्यों ने विश्व शांति मंत्रों के साथ महोत्सव का समापन किया। तीन दिन तक चले इस महोत्सव में 20 से अधिक देशों के करीब 200 से अधिक योग साधकों ने योग और ध्यान की विभिन्न विधाओं को आत्मसात किया। महोत्सव में योग के मूल सिद्धांतों और आसनों से सभी को परिचित कराया गया। इसके अलावा अन्य योगाचार्यों और विशेषज्ञों ने अलग–अलग योग विधाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

भारतीय मानक ब्यूरो

देहरादून में 'मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखना' को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में नैनीताल, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी, बागेश्वर, चम्पावत, बिजनौर और शामली क्षेत्र के विद्यालयों के 80 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश के समग्र शिक्षा के संयुक्त निदेशक कुलदीप गैरोला ने कहा कि मानकों को बच्चों तक पहुंचाना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस कार्य में शिक्षकों की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक स्कूलों में जाकर बच्चों को मानकों के महत्व और विज्ञान से जुड़ी जानकारी प्रदान करेंगे। वहीं, भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों तक मानकों में निहित विज्ञान का सार पहुंचाना है।

रबी फसल

केन्द्र सरकार ने बताया कि रबी फसलों की बुवाई पांच सौ 58 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में की गई है। कृषि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गेहूं की बुवाई 293 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में की गई है। दलहन की खेती एक करोड 23 लाख 27 हजार हेक्टेयर, और मोटे अनाज की बुवाई 38 लाख 75 हजार हेक्टेयर में की गई। तिलहन की बुवाई का रकबा बढकर 91 लाख 60 हजार हेक्टेयर से अधिक हो गया।

आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर एक नजर–––

तबले के उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन की खबर को आज सभी अखबारों के मुख्य पृष्ठ पर स्थान मिला है। हिंदुस्तान, अमर उजाला, दैनिक जागरण और नवोदय टाइम्स समेत सभी समाचार पत्रों ने यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की है। दैनिक जागरण लिखता है– तबले की थाप से मंत्र मुग्ध करने वाले जाकिर हुसैन नहीं रहे।

प्रदेश में 3 वर्ष में 2 हजार 500 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट लगेंगे। इस खबर पर हिंदुस्तान लिखता है– सौर ऊर्जा का लक्ष्य उत्तराखंड के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

दिल्ली के लिए बीएस–4 साधारण बसे फिर बंद। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– प्रदूषण बढ़ने और ग्रेप– 3 के नियमों में परिवर्तन के बाद लागू हुआ प्रतिबंध, फिलहाल वोल्वो पर रोक नही।

भारत–श्रीलंका के समझौतों पर हुए हस्ताक्षर पर नवोदय टाइम में प्रकाशित खबर में लिखा गया है– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता हुई।